तापमान
अधिकतम 29 .2°c
न्यूनतम 17 .2°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

आसमान में श्रीराम गाथा, मैदान में रावण दहन

साक्षी बने मुख्यमंत्री, बोले- अहंकार, नशे और भ्रष्टाचार को मिटाना ही विजयादशमी का असली संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विजयादशमी का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश देता है। रावण का पुतला जलाने के साथ हमें अपने भीतर मौजूद अहंकार, झूठ, द्वेष, भेदभाव, नशे और भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों को भी समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। यह बात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को रोहतक में श्री सनातनी युवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित बुराई से अच्छाई की ओर भव्य सम्मेलन में कही। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रदेशवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति का उद्देश्य अहंकार और अत्याचार करना नहीं, बल्कि अन्याय का अंत करना और समाज में धर्म एवं न्याय की स्थापना करना है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध और मां दुर्गा द्वारा महिषासुर का संहार हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हर युग में अधर्म ने सिर उठाया है, लेकिन धर्म ने सदैव उसका मुकाबला किया है। आज रावण के अनेक चेहरे हैं, जिनमें नशा, भ्रष्टाचार, झूठ, द्वेष और बेटियों के प्रति भेदभाव जैसी बुराइयां शामिल हैं। इनका अंत करना ही विजयादशमी का वास्तविक संदेश है।



फिल्म 'हनुमान अंश' की टीम के कलाकारों ने 300 ड्रोन के माध्यम से आसमान में उकेरीं आकृतियां



सीएम नायब सिंह सैनी ने किया कुंभकरण, मेघनाद और रावण के पुतलों का दहन



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

रामराज्य का अर्थ हर वर्ग को न्याय और सम्मान

विजयादशमी महोत्सव के दौरान तकनीक और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने फिल्म 'हनुमान अंश' की टीम के कलाकारों द्वारा 300 ड्रोन के माध्यम से आसमान में प्रस्तुत श्रीराम गाथा का अवलोकन किया। इसके बाद कुंभकरण, मेघनाद और रावण के पुतलों का दहन किया गया। कार्यक्रम में केशवल भक्ति रॉक बैंड की ओर से भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए सनातनी युवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों को बधाई दी और कलाकारों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना ऐसे समाज की है, जहां गरीबों को सम्मान, कमजोरों को न्याय, बहन-बेटियों को सुरक्षा और युवाओं को बिना भेदभाव आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। सरकार की योजनाओं और सुशासन का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हरियाणा का विकास जरूरी है। प्रदेश की प्रगति देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। (संबंधित पैकेज पेज 10 पर)



जनता को संबोधित करते सीएम नायब सिंह सैनी।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और लंबी प्रतीक्षा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि करीब 500 वर्षों से अनेक पीढ़ियां इस क्षण की प्रतीक्षा कर रही थीं और आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और इच्छाशक्ति को दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता से किए गए वादों को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है और शेष संकल्पों पर भी काम जारी है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा नेता सतीश नांदल, महापौर रामअवतार वाल्मीकि, सनातनी युवा फाउंडेशन के अध्यक्ष करण विग, सचिव संदीप गर्ग और कोषाध्यक्ष संजय टुटेजा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकारों शोभिनव सत्या, पूर्णिमा तिवारी, विहान, चंदन, नेहा और पीयूष का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने संत समाज की उपस्थिति और आशीर्वाद को भी सौभाग्य बताया।

ऑपरेशन कर छात्र की पीठ से निकाला सुआ, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

रीढ़ के पास करीब 4 इंच तक धंसा सुआ छोड़कर भागे थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू में छात्रा से बातचीत करने को लेकर हुए विवाद में प्रथम वर्ष के छात्र की पीठ में सुआ घोंपने के मामले में घायल छात्र का ऑपरेशन कर सुआ निकाल दिया गया। सोमवार को हुई इस वारदात के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोप है कि हमलावरों ने छात्र की पीठ में रीढ़ की हड्डी के पास तीन से चार इंच तक बर्फ तोड़ने वाला सुआ घोंप दिया था। इसके बाद छात्र खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया था। आरोपी उसे मृत समझकर मौके से फरार हो गए थे। घायल को उसके दोस्त पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया।

छात्रा से बातचीत करने पर किया था हमला



जानकारी के अनुसार, करीब 18 वर्षीय युवक एमडीयू में प्रथम वर्ष का छात्र है। सोमवार को वह विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी के सामने अपने दो दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान उसे जानने वाले तीन छात्र वहां पहुंचे। आरोप है कि वे छात्र के कंधे पर हाथ रखकर उसे अपने साथ कुछ दूरी पर ले गए। वहां पहुंचने पर उनके कुछ अन्य साथी भी आ गए। इसके बाद वंश के साथ विवाद शुरू हो गया। परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने छात्र को एक छात्रा से बातचीत नहीं करने की धमकी दी थी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। युवक ने आरोपियों के चंगुल से निकलने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान एक आरोपी ने पीछे से उसकी पीठ में बर्फ तोड़ने वाला सुआ घोंप दिया। सुआ उसकी पीठ में ही फंसा रह गया और आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने घायल के दोस्तों को भी धमकी दी। वारदात के बाद युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर उसके दोस्त उसे पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। सुआ रीढ़ की हड्डी के पास गहराई तक धंसा होने के कारण चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसे बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने के बाद पीजीआई थाना पुलिस ने विश्वविद्यालय पहुंचकर मामले की जांच शुरू की।

पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट-1 के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आज व कल

रोहतक। एमडीयू में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर तक किए गए थे। प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में यूजीसी नेट श्रेणी-एक के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 21 और 22 अक्टूबर को होंगे। प्रथम चरण की मेरिट सूची 23 अक्टूबर को जारी होगी, जबकि प्रवेश काउंसलिंग 27 अक्टूबर को होगी। इस चरण में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को 28 अक्टूबर तक फीस जमा करवानी होगी। सीटें रिक्त रहने पर 30 अक्टूबर को खाली सीटों की सूची जारी होगी। प्रथम चरण के बाद सीटें खाली रहने की स्थिति में यूजीसी नेट श्रेणी-एक, दो और तीन के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 2 नवंबर से शुरू होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 12 नवंबर निर्धारित की गई है। इन अभ्यर्थियों के प्रवेश साक्षात्कार 16 और 17 नवंबर को होंगे तथा मेरिट सूची 18 नवंबर को जारी होगी। काउंसलिंग 19 नवंबर को होगी। इसके बाद तीसरी प्रवेश काउंसलिंग 25 नवंबर को होगी। पीएचडी पाठ्यक्रम के कोर्स वर्क की कक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होंगी।

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई तेज

कच्चा बेरी रोड के मिष्ठान भंडार पर 80 किलो जमा हुआ मावा नष्ट कराया

टीम ने पनीर, दूध, पेड़ा और रसगुल्लों समेत खाद्य पदार्थों के 11 नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को कच्चा बेरी रोड स्थित मिठाई की एक दुकान पर जांच के दौरान फ्रिज में जमा हुआ 80 किलो मावा पकड़ा। टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए मावे का नमूना लिया और पूरे 80 किलो मावे को नष्ट करवा दिया। विभाग की इस कार्रवाई से मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति रही।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी लक्ष्मी नरवाल और संदीप राठी के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। जांच के दौरान दुकान में रखे खाद्य पदार्थों की स्थिति और उनके रखरखाव की पड़ताल की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने केवल एक दुकान तक ही जांच सीमित नहीं रखी, बल्कि शहर में अलग-अलग स्थानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच भी की। इस दौरान पनीर, दूध, पेड़ा, खोया, स्पंज रसगुल्ला और सामान्य रसगुल्लों सहित कुल 11 नमूने एकत्रित किए गए। इन नमूनों के माध्यम से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करवाई जाएगी।



मिलावट पर अंकुश लगाना उद्देश्य

विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाना और लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना है। त्योहारों के दौरान बाजार से मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ खरीदने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी गुणवत्ता का ध्यान रखना जरूरी है। विभाग की लगातार जांच से खाद्य कारोबारियों में नियमों के पालन के प्रति सतर्कता बढ़ने और मिलावट पर नियंत्रण लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

नियमित रूप से चलाया जाएगा अभियान

त्योहारों के दौरान मिठाइयों की मांग बढ़ने के कारण दुकानदार पहले से ही बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री तैयार करके रखते हैं। ऐसे में खाद्य पदार्थों को निर्धारित मानकों के अनुसार रखना, साफ-सफाई का ध्यान रखना और उनकी गुणवत्ता बनाए रखना बेहद जरूरी है। मावे और दूध से बनी मिठाइयों के रखरखाव में लापरवाही होने पर खाद्य पदार्थ खराब हो सकते हैं। इसलिए विभाग की ओर से दुकानों पर जांच कर नमूने लिए जा रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि त्योहारों को देखते हुए जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम अलग-अलग क्षेत्रों में मिठाई की दुकानों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करेगी। इस दौरान संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूने लिए जाएंगे और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



रोहित डागर ▶▶| रोहतक

जुनून — पिता ने हाथ व कंधे पकड़कर तैरना सिखाया, मेहनत लाई रंग

ऑप्टिक नर्व में खराबी के कारण जन्म से ही देख नहीं पाता हिमांशु, नहीं हारी हिम्मत; पैरा एशियन गेम्स में जीता कांस्य

हरियाणा के रोहतक जिले के गांव बोहर के रहने वाले 22 वर्षीय युवा पैरा तैराक हिमांशु नांदल ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर खेल जगत में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हिमांशु ने फ्रीस्टाइल 400 मीटर एस11 तैराकी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर अपनी अद्भुत प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जन्म से दृष्टिहीन होने के बावजूद हिमांशु ने यह साबित कर दिया है कि यदि हौसला बुलंद हो, तो शारीरिक सीमाएं कभी भी सफलता के आड़े नहीं आतीं। हिमांशु की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता बलवान ने बताया कि शुरुआत में गहरे पानी का डर, दिशा भटकने (जिगजैग तैराकी) और दीवारों से टकराने का भय जैसी कई मुश्किलें थीं। शुरुआत में उन्हें हाथ और कंधे पकड़कर तैराकी सिखानी पड़ी और हर कदम पर साथ चलना पड़ा। बावजूद इसके, तैराकी ने हिमांशु को यह अहसास कराया कि वह किसी से कम नहीं हैं।

जूडो से तैराकी तक का सफर

हिमांशु नांदल का जन्म 25 मई 2004 को रोहतक में हुआ था। जन्म से ही ऑप्टिक नर्व में खराबी के कारण वह पूरी तरह दृष्टिहीन हैं। हालांकि, इस चुनौती ने कभी उनके मनोबल को नहीं तोड़ा। हिमांशु के परिवार में खेलकूद का पुराना माहौल रहा है। उनके पिता बलवान सिंह राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेल चुके हैं, जबकि उनके चाचा भी खेल क्षेत्र से जुड़े रहे हैं और भीम अवॉर्डी रह चुके हैं। परिवार से मिले निरंतर प्रोत्साहन और मार्गदर्शन ने हिमांशु को खेल की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महज चार साल की उम्र में हिमांशु दिल्ली आ गए थे, जहां उन्होंने 'नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड' (एनएबी) से जुड़कर ब्रेल लिपि में पढ़ना-लिखना सीखा। इसके बाद उन्होंने सामान्य स्कूलों में अपनी शिक्षा पूरी की और दिल्ली विश्वविद्यालय से डिग्री हासिल की।शुरुआती दौर में हिमांशु ने जूडो में किस्मत आजमाई और राष्ट्रीय स्तर पर पदक भी जीते। हालांकि, चोट लगने के जोखिम और खेल में बदलाव की चाहत के चलते उन्होंने साल 2021 में पैरा स्विमिंग का रुख किया।

ये हैं उपलब्धियां

राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने के बाद हिमांशु ने अंतरराष्ट्रीय फलक पर देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने चीन के हांगझोऊ में आयोजित 2023 एशियन पैरा गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद साल 2024 में वह पेरिस पैरालंपिक के लिए न्यूनतम योग्यता मानक (एमक्यूएस) हासिल करने वाले देश के पहले दृष्टिहीन तैराक बने। इसके अतिरिक्त, साल 2025 में सिंगापुर में आयोजित विश्व पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में भी उन्होंने दो स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश कर अपनी अंतरराष्ट्रीय काबिलियत का लोहा मनवाया।

राष्ट्रीय मंच पर रिकॉर्ड व सफलताएं

साल 2022 हिमांशु के करियर में एक बड़ा मोड़ लेकर आया। उदयपुर में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसी प्रतियोगिता में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस11 स्पर्धा में 1 मिनट 17 सेकंड का शानदार समय निकालकर उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने तीन और स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय पैरा तैराकी में अपनी एक मजबूत और उभरती हुई पहचान बनाई।

टांग में गंभीर चोट के बाद राकेश ने बदला गेम, पैरा एशियाई खेलों में जीता रजत पदक

वर्ष 2011 में हैमर थ्रो से खेल जगत में रखा था कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिंदगी में जब मुश्किलें रास्ता रोकती हैं, तो जज्बा नया रास्ता बना लेता है। रोहतक के 29 वर्षीय पैरा एथलीट राकेश कुंडू ने इसे सच साबित कर दिखाया है। गंभीर हादसे में टांग में लगी चोट और दाहिनी टांग का आकार छोटा हो जाने के बावजूद, राकेश ने हार नहीं मानी और अब पैरा एशियन गेम्स में एफ-44 डिस्कस थ्रो स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता। राकेश कुंडू का जन्म एक साधारण ग्रामीण मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके माता-पिता खेती करते हैं व भैंसों का दूध बेचकर परिवार का गुजर-बसर करते थे।

दुखों के पहाड़ के बीच दादा बने प्रेरणास्रोत



राकेश ने वर्ष 2011 में हैमर थ्रो खेल से खेल जगत में अपना कदम रखा था। हैमर थ्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर वर्ष 2016 में उन्हें भारतीय सेना में नियुक्ति मिली। सेना में भर्ती होने के दो साल बाद यानी 14 अगस्त 2018 को खेल अभ्यास के दौरान उन्हें दाहिनी टांग में बेहद गंभीर चोट लग गई, जिससे उनकी टांग का आकार छोटा हो गया और उनका खेल करियर अचानक थम गया। दो साल का बेड रेस्ट और मजबूत वापसीचोट के बाद राकेश को लगभग दो साल तक पूरी तरह बेड रेस्ट पर रहना पड़ा। इस कठिन दौर में उन्होंने इंटरनेट पर रिहैब से जुड़े वीडियो देखकर दोबारा चलने का अभ्यास शुरू किया। काफी दर्द और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने मैदान छोड़ने के बजाय अपना खेल बदलने का साहसिक फैसला लिया और हैमर थ्रो छोड़कर एफ-44 डिस्कस थ्रो को अपना नया लक्ष्य बनाया। अभी राकेश चोट से उभर ही रहे थे कि वर्ष 2022 में उनके पिता रामकुमार (जो स्वयं कबड्डी खिलाड़ी थे) का अचानक निधन हो गया। एक तरफ शारीरिक पीड़ा और दूसरी तरफ पिता के साए का उठ जाना इस कठिन समय में उनके दादा हवा सिंह ने उन्हें मानसिक संबल दिया। दादा की प्रेरणा से राकेश ने दोबारा मैदान में वापसी की। सफलताराकेश कुंडू ने अपनी मेहनत के दम पर सफलता का नया इतिहास रचा है।

सूखे और खारेपन वाले क्षेत्रों में भी उगाई जा सकेंगी बेहतरीन फसलें!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शीर्ष 300 भारतीय वैज्ञानिकों की सूची में जगह बनाने वाले हरियाणा के एकमात्र वैज्ञानिक

जलवायु परिवर्तन के दौर में सूखा और जमीन का बढ़ता खारापन खेती के सामने बड़ी चुनौती है। ऐसे क्षेत्रों में भी बेहतर फसलें उगाने की संभावनाएं तलाशने में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (सीबीटी) के प्रोफेसर डॉ. सर्वजीत सिंह गिल जुटे हैं। उनका शोध पौधों पर सूखे, लवणता और भारी धातुओं के दुष्प्रभावों तथा इन परिस्थितियों से लड़ने की उनकी क्षमता को समझने पर केंद्रित है।



प्रोफेसर सर्वजीत सिंह गिल।

जलवायु-अनुकूल फसलों के विकास और खाद्य सुरक्षा को मजबूती देने की दिशा में उनके शोध को वैश्विक पहचान मिली है। इसी शोध योगदान के चलते उन्हें स्टैनफोर्ड की 2026 वैश्विक रैंकिंग में भारत के शीर्ष 300 वैज्ञानिकों में स्थान मिला है। वे शीर्ष 300 भारतीय वैज्ञानिकों की सूची में जगह बनाने वाले हरियाणा के एकमात्र वैज्ञानिक हैं।

- सूखा, लवणता और भारी धातुओं के पौधों पर असर को समझने में जुटे एमडीयू के प्रो. सर्वजीत सिंह गिल
- जलवायु-अनुकूल फसलों और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने पर कर रहे शोध



लगातार रच रहे कीर्तिमान

वर्ष 2020 से लगातार करियर और एकल वर्ष दोनों श्रेणियों में दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल। प्रोफेसर सर्वजीत सिंह गिल वर्ष 2020 से लगातार पूरे करियर और एकल वर्ष दोनों श्रेणियों में स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर की दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में अपनी जगह बनाए हुए हैं। यह प्रतिष्ठित उपलब्धि उनके शोध कार्यों के निरंतर अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और प्रतिष्ठा को साबित करती है।

प्रदेश के लिए गर्व का क्षण

इस गौरवशाली उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रो. सर्वजीत सिंह गिल ने इसका श्रेय अपने गुरुओं, शोध टीम, विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के निरंतर सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए नवीन शोध जारी रखने के उनके संकल्प को और मजबूत करता है।

प्लांट स्ट्रेस बायोलॉजी में उत्कृष्ट योगदान

प्रोफेसर गिल एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने पौधों के तनाव जीव विज्ञान (प्लांट स्ट्रेस बायोलॉजी) और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनका शोध मुख्य रूप से सूखे, लवणता और भारी-धातु विषाक्तता के प्रति पौधों की प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने वाले आणविक और शारीरिक तंत्र को समझने पर केंद्रित है। उनके इन शोध कार्यों से जलवायु-अनुकूल फसलों के विकास और टिकाऊ कृषि व खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है।

उपलब्धियां बेहद शानदार

- **साइटेशन:** उन्हें शोध कार्यों के लिए 32,000 से अधिक साइटेशन मिल चुके
- **एच-इंडेक्स और आई10-इंडेक्स:** उनका एच-इंडेक्स 63 और आई10-इंडेक्स 167 दर्ज किया गया है।
- **पुस्तकें और शोध पत्र:** उन्होंने 38 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुस्तकों का संपादन व प्रकाशन किया है और कई अत्यधिक उद्धृत शोध पत्र लिखे हैं। उनके एक शोध लेख को अकेले 15,000 से अधिक बार उद्धृत किया गया है।
- **संपादकीय जिम्मेदारी:** उन्हें एल्सेवियर द्वारा अपनी अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन प्लांट्स सिस्टम्स' का फाउंडर एडिटर-इन-चीफ भी नियुक्त किया गया है।
- **प्रमुख सम्मान:** उन्हें एमडीयू रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड (2021) और क्लेरिवाइट एनालिटिक्स (वेब ऑफ साइंस) द्वारा इंडिया रिसर्च एक्सीलेंस एंड साइटेशन अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।

कुलपति ने दी बधाई

एमडीयू के जैव प्रौद्योगिकी केंद्र की निदेशक प्रो. रितु गिल और विवि के कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया ने प्रोफेसर गिल को इस बड़ी सफलता पर हार्दिक बधाई दी है। कुलपति ने कहा कि एमडीयू के 16 प्रोफेसरों और 09 शोध विद्वानों का 2026 की स्टैनफोर्ड एल्सेवियर सूची में शामिल होना विवि के जीवंत शोध वातावरण को दर्शाता है। सीएम नायब सैनी ने भी एमडीयू के इन शीर्ष वैज्ञानिकों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



काठमंडी में रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया

रोहतक। काठमंडी में मंगलवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी के जिला सचिव आशीष कुमार यादव के नेतृत्व में हुए आयोजन में दशहरा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। आशीष कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने दी। वेद प्रकाश पांडेय ने दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से भगवान राम के गुणों को अपनाने की अपील की। भगवान राम की कहानी लोगों को प्रकृति का सम्मान करने, पर्यावरण की रक्षा करने और सभी का ख्याल रखने की प्रेरणा देती है।



हनुमान मंदिर में भंडारा, कंजक पूजन कर की मां भगवती की आराधना

रोहतक। गढ़वाल सभा रोहतक की ओर से दशहरे के अवसर पर मंगलवार को एकता कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे पंडित राजेश मिश्रा ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना और कंजक पूजन करवाकर की। इस दौरान सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां भगवती की आराधना की और भजन-कीर्तन किया। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। आयोजन में गढ़वाल सभा के प्रधान मनोज शर्मा, महासचिव संदीप गुसाई, उपप्रधान दीपक रावत, चेयरमैन राजेंद्र रावत, वाइस चेयरमैन प्रताप सिंह रावत, मुख्य सलाहकार त्रिलोक बिष्ट और सचिव धनबीर भंडारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सहयोग किया। मंदिर प्रबंधक कमेटी के सदस्य दिनेश चमोली, बलवंत बिष्ट और जय सिंह भी मौजूद रहे। गढ़वाल महिला कीर्तन मंडली की महिलाओं ने भजन-कीर्तन में विशेष भूमिका निभाई। आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

एमडीयू गैर-शिक्षक संघ चुनाव 28 को आज से कर सकेंगे नामांकन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के चुनावों का बिगुल बज गया है। नियमानुसार 28 अक्टूबर 2026 को मतदान करवाया जाएगा। इससे पूर्व 7 अक्टूबर को आयोजित संघ की कार्यकारी समिति की विशेष बैठक में लिए गए फैसलों, चुनावी शेड्यूल और वर्तमान यूनियन (2025-26) के खर्चों के लेखा-जोखा को आम सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया था।घोषित शेड्यूल के अनुसार नामांकन 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक और 22 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक भरे जाएंगे। इसी दिन 22 अक्टूबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक नाम वापसी तथा दोपहर 3 से शाम 4 बजे तक चुनाव चिह्नों का आवंटन होगा। अंत में 28 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

पीजीआई में नर्सिंग एसोसिएशन चुनाव में महिला बनाम पुरुष का रोचक मुकाबला

विकास फौगाट और विनोद पंघाल में सीनियर-जूनियर की टक्कर पर टिकीं निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में नर्सिंग एसोसिएशन के चुनाव इस बार बेहद रोचक होने जा रहे हैं। 31 अक्टूबर को होने वाले इस चुनाव को अब महिला बनाम पुरुष के मुकाबले के तौर पर देखा जा रहा है। नर्सिंग कैडर में महिलाओं की संख्या पुरुषों से कहीं ज्यादा है, इसलिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या महिला कैडर इस बार बाजी मारेगा या पुरुष उम्मीदवार सेंध लगाने में कामयाब हो जाएंगे। इसी को लेकर पीजीआई कैंपस में चर्चाओं का बाजार गर्म है। नर्सिंग एसोसिएशन के वर्ष 2026-2028 के लिए आठ पदों पर चुनाव होना है। लेकिन नामांकन से पहले ही चुनावी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। इस बार के चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा महिला वोट बैंक को लेकर है। पीजीआईएमएस में करीब 900 से ज्यादा नर्सिंग स्टाफ है, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। ऐसे में हर बार महिला वोटरों को अहमियत मिलती रही है। इस बार पुरुष उम्मीदवारों ने भी पूरी रणनीति के साथ तैयारी की है।



महिला एकजुटता या पुरुषों की रणनीति

वैसे नर्सिंग एसोसिएशन में हमेशा से महिला उम्मीदवारों का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार पुरुष उम्मीदवारों ने भी महिला वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। ड्यूटी के दौरान और वार्डों में चुनावी चर्चा तेज हो गई है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि महिला एकजुटता भारी पड़ेगी या पुरुष उम्मीदवार बाजी पलटने में कामयाब होंगे।बहरहाल, प्रशासन ने चुनाव की पूरी तैयारी कर ली है। चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। नर्सिंग कॉलेज में ही वोटिंग होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा, जिससे देर रात तक पीजीआई में चुनावी सरगर्मी बनी रहेगी।

चुनाव कार्यक्रम की पूरी डिटेल

पदों की संख्या: 8 पद - अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अतिरिक्त उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, अतिरिक्त संयुक्त सचिव, वित्त सचिव और आंतरिक लेखा परीक्षक
22 अक्टूबर: नामांकन दाखिल, सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
23 अक्टूबर: सुबह 9 से 11 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी, दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक चुनाव चिह्न आवंटन
31 अक्टूबर: मतदान, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक
स्थान: नर्सिंग कॉलेज, पीजीआई के व्याख्यान कक्ष-एक और दो
31 अक्टूबर शाम: वोटिंग के बाद मतगणना व परिणाम घोषित

अशोक फैक्टर से बदले समीकरण

कैंपस में इस बात की भी खूब चर्चा है कि यदि अशोक इस बार चुनाव मैदान में होते तो मुकाबला और भी गरमा जाता। नर्सिंग स्टाफ में अशोक का अपना बड़ा वोट बैंक माना जाता है। और पिछले चुनावों में उनकी भूमिका निर्णायक रही है। इस बार अशोक खुद चुनाव नहीं लड़ रहे और उनका समर्थन एसएनओ विनोद पंघाल को है। अशोक के समर्थन के बाद विनोद पंघाल की स्थिति और मजबूत मानी जा रही है, जिससे चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। स्टाफ में कहा जा रहा है कि अशोक का समर्थन मिलने से विनोद पंघाल पुरुष वोट बैंक में भी सेंध लगाने में कामयाब हो सकती हैं।

दोनों ही नर्सिंग में अच्छी पकड़ रखते हैं

चर्चा है कि इस बार चुनाव में सीनियर-जूनियर का मुकाबला भी देखने को मिलेगा। सूत्रों के अनुसार विकास फौगाट और एसएनओ विनोद पंघाल के बीच सीधा मुकाबला तय माना जा रहा है। दोनों ही नर्सिंग में अच्छी पकड़ रखते हैं और स्टाफ में उनकी अपनी अलग पहचान है। विकास फौगाट जहां पूर्व प्रधान का अनुभव रखते हैं, वहीं विनोद पंघाल सीनियर होने के नाते अनुभवी माने जाती हैं और सीनियर और जूनियर स्टाफ के बीच कर्मचारियों की मांग के लिए किसी से भी कड़ा मुकाबला करने की पैठ रखती हैं। अब देखना यह है कि अनुभव जीतेगा या नया जोश।

मॉडल टाउन में हैप्पी क्लब ने किया दशानन का दहन

- जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विजयदशमी के पावन अवसर पर हैप्पी क्लब द्वारा मॉडल टाउन के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान श्रीराम के जयघोष के बीच रावण दहन किया गया। इस अवसर पर जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य अशोक खुराना ने क्षेत्रवासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सत्य, मर्यादा, स्वच्छता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

अशोक खुराना ने कहा, "विजयदशमी केवल रावण के पुतले को जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और ईर्ष्या के साथ समाज में फैली बुराइयों का दहन करने का संकल्प लेने का दिन है। असत्य और अन्याय कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है।" उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, कर्तव्य, त्याग, न्याय और जनसेवा की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में उतारते हुए समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव मजबूत करना चाहिए।

भाजपा नेता अशोक खुराना ने युवाओं से नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करने तथा महिलाओं के प्रति आदर का भाव रखने का आह्वान किया। रावण दहन के दौरान "जय श्रीराम" और "भारत माता की जय कि जयघोष से वातावरण गूंज उठा। अशोक खुराना ने सफल आयोजन के लिए हैप्पी क्लब के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर निगम पार्षद कंचन खुराना, धर्मवीर प्रसाद शास्त्री, विनोद कृष्ण परविंदर मदान, संजय मलिक, चिराग पावा, जसबीर कोचर प्रजेश बब्बर, सन्जीव बब्बर सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





जीडी गोयनका स्कूल में राम नवमी व दशहरा पर्व मनाया

- विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने पेश की भारतीय विरासत की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में राम नवमी एवं दशहरा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से अवगत कराना रहा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, करुणा और मर्यादा के महत्व को समझा। वहीं दशहरा पर्व के माध्यम से बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रेरणादायक संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए भारतीय विरासत की झलक पेश की। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक विक्रांत मैना, सान्या मैना, सहायक निदेशक डॉ. अमन अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. श्रुति शर्मा और हेडमिस्ट्रेस अनामिका बलहारा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। प्रबंधन ने कहा कि त्योहार विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता का भाव जगाने का माध्यम हैं। समारोह का समापन समाज में शांति, सद्भाव और सकारात्मकता के प्रसार के संदेश के साथ हुआ।

न्यूज डायरी

महानवमी पर हवन व पूजा पाठ किया



रोहतक। बद्रीकेदार रामलीला समिति की तरफ से दशहरे व महानवमी के शुभ अवसर पर हवन व पूजा पाठ का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के मौके पर बद्रीकेदार रामलीला समिति चिन्योट कॉलोनी के प्रांगण में पंडित ख्याली दत्त द्वारा प्रात 9.00 बजे पूजा अर्चना व हवन कंजक पूजन किया गया। माता रानी के जयजयकार से माहौल मंगलमय हो गया। इस भव्य आयोजन में संस्था के प्रधान प्रेम, महासचिव गणेश पटवाल, उपप्रधान चंदू लाल, कोषाध्यक्ष राकेश बिष्ट, मुख्य सलाहकार रघुवर दत्त प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

विजयदशमी पर हुआ शस्त्र पूजन



रोहतक। विजयदशमी के पावन पर्व पर अभिनंदन शूटिंग अकादमी, रोहतक में पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमी के सभी निशानेबाजों ने अपने खेल उपकरणों एवं शस्त्रों का विधिवत पूजन कर मेहनत, अनुशासन और देशसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने जीवनभर नशे से दूर रहने,मेहनत को जीवन मंत्र बनाने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्र सेवा में समर्पित करने की शपथ ली।अकादमी के संस्थापक एवं शूटिंग कोच संदीप नेहरा ने खिलाड़ियों को विजयदशमी का महत्व बताया।

परिवार पहचान पत्र की आय जांच अटकी

रोहतक। ग्रामीण क्षेत्र में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में दर्ज आय का सत्यापन अब तक व्यवस्थित ढंग से शुरू नहीं हो पाया है। ग्राम सचिव एसोसिएशन की मांग के बावजूद प्रशासन ने जांच के लिए दो-तीन विभागों की संयुक्त कमेटी गठित नहीं की है। एसोसिएशन का कहना है कि ग्राम सचिवों के पास परिवारों की आर्थिक स्थिति का आकलन करने का निर्धारित फार्मूला नहीं है। गलत आय दर्ज होने से पात्र परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। एसोसिएशन ने कहा था कि कमेटी गठित होने तक ग्राम सचिव परिवारों की आर्थिक स्थिति का आकलन नहीं करेंगे। इसके बावजूद कुछ ग्राम सचिवों द्वारा अकेले सत्यापन किए जाने की सूचना है। इससे जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। एसोसिएशन चाहती है कि अन्य विभागों के अधिकारी भी प्रक्रिया में शामिल हों, ताकि तथ्यों के आधार पर आय का सही आकलन हो सके।

मां दुर्गा की भव्य झांकी निकाली



सांपला। कस्बे में मंगलवार को मां दुर्गा की झांकी निकाली गई। झांकी में श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों से कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया। झांकी के दौरान श्रद्धालु नाचते-गाते हुए आगे बढ़े और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। झांकी की शुरुआत मुख्य बाजार से हुई। इसके बाद झांकी कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस बाजार पहुंची।

विहिप व बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन



सांपला। दशहरा पर शिव मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शस्त्रों का पूजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री सुंदर ओहल्याण ने कहा कि हिंदू धर्म और उसकी परंपराओं से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना समय की आवश्यकता है। महामंडलेश्वर विद्या स्वरूप महाराज ने कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति, धर्म और वीरता का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रमुख डॉ. संजय जाखड़ ने कहा कि शस्त्रों का उद्देश्य हिंसा करना नहीं होता है।

कर्मियों के भत्तों का समय पर भुगतान हो

रोहतक। रोडवेज कर्मचारी कष्ट निवारण महासभा की बैठक मंगलवार को डिपो प्रधान रजनीश मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, उनके हितों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और डिपो में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के मुद्दों पर चर्चा की गई। महासभा ने महाप्रबंधक नवीन कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। महासभा ने कहा कि महाप्रबंधक नवीन कुमार द्वारा डिपो स्तर पर कर्मचारियों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने तथा रोडवेज सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। बैठक में कर्मचारियों के रात्रि ठहराव भत्ते और ओवरटाइम भत्ते का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

इनर व्हील क्लब ने दीपावली एवं करवा चौथ उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इनर व्हील क्लब द्वारा दीपावली एवं करवा चौथ का उत्सव बड़े हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। बैठक का शुभारंभ दुर्गाष्टमी एवं महानवमी के पावन अवसर पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, माला अर्पित करने एवं चुनरी चढ़ाने के साथ किया गया। मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर सभी सदस्यों ने सेवा, समर्पण और खुशियां बांटने के संकल्प के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके अतिरिक्त, क्लब ने 12 पुरुष गार्ड्स, चौकीदारों, हेल्पर्स एवं इलेक्ट्रीशियन तथा 5 महिला कर्मियों को फ्लास्क भेंट किए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डॉ. अंजू आहूजा, क्लब प्रेसिडेंट विजय बल्हारा, सचिव डॉ. किरण सोनी, वाइस प्रेसिडेंट पूनम गुप्ता, कोषाध्यक्ष विम्पी गुलाटी, एडिटर एकता तथा क्लब के लगभग 40 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



सेवा का संदेश दिया

क्लब द्वारा 'लखीराम अनाथ आश्रम' के बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें खेलकूद की सामग्री भेंट की गई। बच्चों के लिए बैट-बॉल, झुनझुने एवं बॉल भी भेंट किए गए।

अलर्ट हवा में बढ़ेगी प्रदूषण की मात्रा, दीपावली तक सांस लेना हो जाएगा मुश्किल

दशहरे पर फोड़े जहरीले पटाखे, अब सांसें होगी ऊपर-नीचे

- मंगलवार देर रात रोहतक शहर में पीएम 2.5 का स्तर 120 दर्ज किया गया
- जैसे-जैसे पारा गिरेगा, वैसे-वैसे बढ़ेगा प्रदूषण, वायु गुणवत्ता भी होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंगलवार देर रात रोहतक शहर में पीएम 2.5 का स्तर 120 दर्ज किया गया। दशहरा के दौरान पटाखे फोड़े जाने से हवा में प्रदूषक कण बढ़ने का खतरा है। हवा की रफ्तार कम रहने के कारण इनके बिखराव में भी बाधा आ सकती है। ऐसे में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में बढ़ोतरी होने का अंदेशा है। आने वाले दिनों में तापमान गिरने के साथ प्रदूषण का स्तर और बढ़ सकता है। दीपावली के बाद स्थिति अधिक गंभीर होने की चिंता है।



धुएं से हवा में सूक्ष्म कणों की बढ़ेगी मात्रा

मंगलवार देर रात रोहतक शहर में पीएम 2.5 का स्तर 120 दर्ज किया गया। पटाखों से निकलने वाला धुआं हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ा सकता है। इसका असर बुधवार को वायु गुणवत्ता के आंकड़ों में दिखाई देने की आशंका है।

धीमी हवा बढ़ा सकती है परेशानी

मंगलवार को हवा की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं रही। यदि बुधवार को हवा 12 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है, तो प्रदूषकों के फैलाव में मदद मिल सकती है। हालांकि, हवा की वास्तविक गति और दिशा के आधार पर ही प्रदूषण की स्थिति तय होगी।

आबोहवा प्रभावित होने की आशंका

आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट के साथ प्रदूषण बढ़ने का खतरा है। ठंड के मौसम में हवा की गति कम रहने और वायुमंडलीय परिस्थितियां प्रतिकूल होने पर प्रदूषक जमीन के करीब जमा हो सकते हैं। इससे शहर की आबोहवा प्रभावित होने की आशंका है।

दीपावली के बाद बढ़ सकती है मुश्किल

दीपावली पर पटाखों का धुआं पहले से मौजूद प्रदूषण को और बढ़ा सकता है। यदि इस दौरान हवा की गति कम रही, तो प्रदूषक कण लंबे समय तक वातावरण में बने रह सकते हैं। ऐसे में लोगों को सांस लेने में परेशानी होने का खतरा बढ़ सकता है। बुधवार के एक्यूआई के आंकड़ों से प्रदूषण की स्थिति में बदलाव का पता चलेगा।

देखिए शहर का हाल...गलियों और सड़कों पर कूड़े के अंबार

त्योहारी सीजन में सफाई व्यवस्था चरमरा रही, पहले रोजाना निकलता था 200 टन कूड़ा, अब 300 टन से अधिक

शहर में सफाई व्यवस्था नगर निगम के लिए बनीं चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों के सीजन में शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखना नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। दीपावली पर लोग घरों और दुकानों की सफाई कर रहे हैं। इस दौरान सामान्य दिनों के मुकाबले ज्यादा कूड़ा बाहर निकल रहा है। बाजारों में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों की संख्या बढ़ने से भी कचरा बढ़ रहा है। इसका सीधा असर कूड़ा उठान की व्यवस्था पर पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों को पहले के मुकाबले अधिक कचरा उठाना पड़ रहा है, जबकि गाड़ियों को भी बार-बार कूड़ा खाली करने के लिए जाना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि सुबह नौ बजे तक ही कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां लबालब भर जा रही हैं। इसके बाद उन्हें कूड़ा निस्तारण केंद्र तक अतिरिक्त चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पहले जहां शहर से प्रतिदिन करीब 200 टन कूड़ा निकलता था, वहीं अब यह मात्रा 300 टन से अधिक पहुंच गई है। बढ़ते कचरे के बीच नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के पसीने छूट रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर में सफाई व्यवस्था के सामने चुनौती बनी हुई है।



रोहतक। शहर के एक पार्क के बाहर जलाए गए कूड़े से निकलता धुआं।

अचानक कूड़े की मात्रा बढ़ने से बढ़ा दबाव

गाड़ी चलाने वाले कर्मचारियों ने बताया कि जब से त्योहार शुरू हुए हैं, उनकी हवा खराब हो गई है। सुबह आठ बजते ही गाड़ी कूड़े से भर जाती है। फिर लोग भी उनसे झगड़ा करते हैं। उन्होंने ट्रिटमेंट प्लांट के लिए शाम तक पांच से छह चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।ऐसे में उनका स्वास्थ्य तो खराब हो ही रहा है गाड़ी भी गर्मा कर बंद हो जाती हैं। अचानक कूड़े की मात्रा बढ़ने से सफाई कर्मचारियों पर काम का दबाव भी बढ़ गया है।

सफाई कर्मचारियों के छूट रहे पसीने, कूड़ा उठान में आ रही परेशानी

दीपावली के दौरान शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारियों पर अधिक बढ़ गई है। बाजारों में भीड़, घरों की सफाई और बढ़ते कचरे के बीच कर्मचारियों को लगातार काम करना पड़ रहा है। ऐसे में केवल कर्मचारियों की मेहनत से ही व्यवस्था संभालना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि कूड़ा उठान की नियमित निगरानी और समय पर निस्तारण भी जरूरी है। साथ ही नागरिकों को भी कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने और उसे आग नहीं लगाने के प्रति जागरूक होना होगा, ताकि त्योहार के दौरान शहर में स्वच्छता बनी रहे। नगर निगम के पास करीब 620 सफाई कर्मचारी हैं। इसके अलावा प्राइवेट कम्पनी के कर्मचारी रोजाना हर वार्ड में डोर टू डोर गाड़ी द्वारा कूड़े का उठान करवा रहे हैं।

80 से अधिक प्वाइंट, जहां फैली गंदगी

शहर में कूड़ा एकत्रित करने के प्वाइंट की संख्या भी 80 से अधिक हो गई है। इन स्थानों से नियमित रूप से कूड़ा उठाना जरूरी है, ताकि गंदगी न फैले और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि, जहां समय पर कूड़ा नहीं उठ पाता, वहां कूड़े में आग लगाए जाने की स्थिति भी सामने आ रही है। इससे धुआं फैलने और आसपास के वातावरण को नुकसान पहुंचने का खतरा बन गया है।

सुनारियां प्लांट में होता है निस्तारण

शहर से एकत्रित किए जाने वाले कूड़े को सुनारियां के पास स्थित सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट में निस्तारण के लिए ले जाया जाता है। त्योहारों के दौरान कचरे की मात्रा बढ़ने से इस पूरी व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। कूड़े से भरी गाड़ियों को बार-बार प्लांट तक जाना पड़ रहा है। ऐसे में शहर के अलग-अलग हिस्सों से कूड़ा उठाने और उसे निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखना जरूरी हो गया है।

खास बातें

- सुबह नौ बजे ही कूड़े से लबालब हो जाती हैं गाड़ियां, लगाने पड़ रहे अतिरिक्त चक्कर
- कई जगह कचरे में आग लगाने से बढ़ रहा प्रदूषण, लोगों को सांस लेने में आ रही दिक्कतें, बढ़ रहा प्रदूषण

बाजारों में बढ़ रही भीड़, समस्या और विकट

त्योहार की वजह से बाजारों में लोगों की भीड़ लगी रहती है। लोग दीपावली पर घरों की सफाई भी करवा रहे हैं। इस वजह से रोजाना पहले से अधिक कूड़ा निकल रहा है। ऐसे में सफाई करने में कर्मचारियों को भी ज्यादा काम करना पड़ रहा है। साथ ही कूड़े की गाड़ियों को अधिक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।
-शम्भू टांक, प्रधान, नगर पालिका कर्मचारी संघ

विदर्भ के 455 रनों के जवाब में हरियाणा का मजबूत संघर्ष, कप्तान युवराज सिंह का शानदार शतक

सीके नायडू ट्रॉफी

- हरियाणा की टीम अभी भी विदर्भ के पहली पारी के स्कोर से 245 रन पीछे, 7 विकेट शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी एलीट मुकाबले के दूसरे दिन विदर्भ अंडर-23 और हरियाणा अंडर-23 के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हरियाणा ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 210 रन बना लिए हैं।

हरियाणा की टीम अभी भी विदर्भ के पहली पारी के विशाल स्कोर से 245 रन पीछे है और उसके 7 विकेट शेष हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ अंडर-23 ने अपनी पहली पारी में 125.4 ओवरों में 455 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। विदर्भ की ओर से कप्तान और विकेटकीपर नील अथाले ने 158 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 107 रनों की शतकीय पारी खेली। उनके अलावा श्री चौधरी ने 74 रन और मोहम्मद फैज ने 73 रनों का योगदान दिया। हरियाणा की तरफ से गेंदबाजी में मयंक ने 52 रन देकर 5 विकेट झटके। विदर्भ के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी हरियाणा अंडर-23 ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 54 ओवरों में 3 विकेट पर 210 रन बना लिए हैं। हरियाणा के कप्तान युवराज सिंह ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 187 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 118 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली है। इसके अलावा अर्श रंगा ने 44 रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से मंदर घोड़मारे ने 2 और जगजोत सासन ने 1 विकेट हासिल किया है।

रायपुर में चमकीं रोहतक की बेटी शेफाली, 37 गेंदों में बनाए 69 रन, मैन ऑफ द सीरीज रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत
- शेफाली ने चुस्त फील्डिंग का प्रदर्शन करते हुए दो बेहतरीन कैच लपके, जिससे विपक्षी टीम पर अतिरिक्त दबाव बन गया

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे महिला टीम को 92 रनों के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी है। इस मुकाबले में रोहतक (हरियाणा) की बेटी और स्टार बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 216 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पारी की शुरुआत करने उतरी शेफाली वर्मा ने मैदान पर कदम रखते ही अपने आक्रामक तेवर दिखाने शुरू कर दिए। उन्होंने चौकों और छक्कों की बरसात करते हुए मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए। शेफाली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 37 गेंदों का सामना किया और 186.49 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 69 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। उनकी इस आक्रामक पारी ने भारतीय टीम को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। केवल बल्लेबाजी ही नहीं, बल्कि शेफाली ने खेल के हर विभाग में अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने मैदान पर चुस्त फील्डिंग का प्रदर्शन करते हुए दो बेहतरीन कैच लपके, जिससे विपक्षी टीम पर अतिरिक्त दबाव बन गया। इसके बाद गेंदबाजी में भी उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई और एक कसी हुई ओवर में मात्र दो रन दिए। शेफाली वर्मा के इस बेहतरीन प्रदर्शन (विस्फोटक बल्लेबाजी, शानदार फील्डिंग और किफायती गेंदबाजी) ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह वर्तमान समय में महिला क्रिकेट की सबसे बेहतरीन और उपयोगी ऑलराउंडर्स में से एक हैं। उसे मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

न्यूज डायरी

जार्वो एकादश ने रोहतक ब्लास्टर्स को 7 विकेट से हराया, सांगवान और हुड्डा का धमाकेदार प्रदर्शन

रोहतक। रोहतक में खेले गए क्रिकेट मुकाबले में जार्वो एकादश ने रोहतक ब्लास्टर्स को 7 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहतक ब्लास्टर्स की पूरी टीम 19.4 ओवरों में 177 रनों पर ढेर हो गई। रोहतक ब्लास्टर्स के लिए नित्तू बुधवार ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में 5 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 69 रनों की आतिशी पारी खेली। इसके अलावा करमबीर जांगड़ा ने अंत तक टिककर 22 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाए। जार्वो एकादश के गेंदबाजों में मोहम्मद साहिल अली और अजीत सिंह ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके, जबकि विजय खारब को 2 सफलताएं मिलीं। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जार्वो एकादश की टीम ने महज 17 ओवरों में 3 विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल कर ली। जार्वो एकादश के लिए डॉ. एस. सांगवान ने ताबड़तोड़ अंदाज में 29 गेंदों पर नाबाद 54 रन और परवीन हुड्डा ने 25 गेंदों में 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। विजय खारब ने 31 और अमित राणा ने नाबाद 27 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।



दयावती मोदी एकेडमी की खुशी ने रचा इतिहास ओपन नेशनल टेनिस में जीतीं 3 राष्ट्रीय ट्रॉफियां

रोहतक। दयावती मोदी एकेडमी, रोहतक की 13 वर्षीय होनहार टेनिस खिलाड़ी खुशी कादियान ने 31वीं फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए खिताबी हैट्रिक बनाई है। दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी ने पूरे सप्ताह अपने सभी 15 मुकाबलों में जीत दर्ज कर अजेय (15-0) रहते हुए तीन राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किए। खुशी ने अंडर-16 बालिका एकल के फाइनल में रंजना संग्राम को 7-6(3), 7-5 से हराया। इसके बाद अंडर-14 बालिका एकल के फाइनल में सिद्धि पांडे को 6-3, 6-2 से पराजित कर दूसरा खिताब जीता। वहीं, अंडर-16 बालिका युगल में तमिलनाडु की सम्मिथा हरिणी के साथ जोड़ी बनाकर पूर्वी पटवा और रंजना संग्राम को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरा खिताब जीता। एआईटीए अंडर-14 रैंकिंग में छठा स्थान रखने वाली खुशी इससे पहले सीबीएसई नेशनल अंडर-17 में स्वर्ण पदक और एआईटीए नेशनल सीरीज अंडर-18 का खिताब भी जीत चुकी हैं। इस अभूतपूर्व सफलता पर दयावती मोदी एकेडमी के प्रधानाचार्य राजीव ढाका ने खुशी को सम्मानित कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि खुशी की यह सफलता कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है, जिससे विद्यालय व पूरा रोहतक जिला गौरवान्वित हुआ है।

लेट सुगनी देवी क्रिकेट फाउंडेशन क्लब ने स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब को 32 रन से हराया

रोहतक। क्रिकेट मुकाबले में लेट सुगनी देवी क्रिकेट फाउंडेशन क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब को 32 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए लेट सुगनी देवी क्रिकेट फाउंडेशन क्लब ने निर्धारित 35 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से भूपेश जांगड़ा ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 66 गेंदों में 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 73 रन बनाए। इसके अलावा कार्तिक नायक ने 53 गेंदों में 35 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। भूपेश जांगड़ा ने अपनी इस पारी के दौरान करियर के 400 चौके भी पूरे किए। स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब की ओर से जतिन पवाड़िया और मीहान चितकारा ने 2-2 विकेट हासिल किए। जीत के लिए 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब की पूरी टीम 33.4 ओवरों में 130 रनों पर ही सिमट गई। टीम के लिए द्रोन नांदल ने 32 रन और दीपांशु भारद्वाज ने 31 रनों की पारी खेली। लेट सुगनी देवी क्लब के गेंदबाजों के सटीक प्रदर्शन के आगे विपक्षी बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके और टीम को 32 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी।

चरखी दादरी में पहली बार होगा वर्ल्ड रग्बी लेवल-1 मैच ऑफिशियल कोर्स, 20 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

रोहतक। रग्बी इंडिया द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से 22 अक्टूबर, 2026 को आरपीएस स्कूल, चरखी दादरी में पहली बार 'वर्ल्ड रग्बी लेवल-1 मैच ऑफिशियल कोर्स' का आयोजन किया जाएगा। रग्बी हरियाणा के महासचिव सुशील कुमार ने बताया कि यह कोर्स प्रदेश में रग्बी के व्यवस्थित विकास और मैच अधिकारियों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करने की एक अहम पहल है। रग्बी निदेशक नरेंद्र सिंह मोर ने कहा कि इससे प्रतियोगिताओं का संचालन बेहतर होगा और भविष्य में राज्य के रेफरी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएं दे सकेंगे। प्रशिक्षण के लिए वर्ल्ड रग्बी क्वालिफाइड एजुकेटर प्रिया बीसला देसवाल (पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) और महाराष्ट्र के पंकज कुमार को नियुक्त किया गया है, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी जिला रग्बी एसोसिएशन चरखी दादरी को सौंपी गई है। इस एकदिवसीय कोर्स में विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिन्हें रग्बी नियमों, मैच संचालन और रेफरी की जिम्मेदारियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें चरखी दादरी से प्रियांशु, अनीता, सुदेश कुमारी व दीक्षा तक्षक; पानीपत से प्रीति फोगाट, ज्योति, प्रियंका, ईशा, करीना, अंजलि, पायल, सीमा व दीपा; जींद से राजिंदर सिंह, सोनिया व कुसुम; सोनीपत से नरेंद्र सिंह मोर; कैथल से कृष्ण तथा दिल्ली से नेहा सीनन्दी प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

मानव तस्करी के खिलाफ आवाज उठाने वाली पहली खाप बनी नांदल

- स्थापना दिवस पर नशे और मानव तस्करी के खिलाफ प्रस्ताव पारित
- गंभीर सामाजिक मुद्दे को एजेंडे में शामिल करना रही प्रमुख पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



73 विद्यार्थी और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 26 और बारहवीं के 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाले 31 खिलाड़ियों को भी सम्मान मिला। समाज में विशेष योगदान के लिए 11 लोगों को सम्मानित किया गया। इनमें अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य देवेश नांदल और एचसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कर्नल शिवपाल शामिल रहे।

बोहर स्थित नांदल भवन में मंगलवार को अखिल भारतीय नांदल खाप के स्थापना दिवस एवं भाईचारा सम्मेलन में नशे और मानव तस्करी की रोकथाम के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। खाप ने सरकार से नशे पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। मानव तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे को खाप के एजेंडे में शामिल करना सम्मेलन की प्रमुख पहल रही। इसे पहली खाप की पहल बताने के लिए अन्य खापों के रिकॉर्ड की पुष्टि जरूरी है। ओमप्रकाश नांदल की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन की शुरुआत हवन से हुई। खाप के प्रवक्ता एडवोकेट जसवंत नांदल ने नशे और मानव तस्करी का मुद्दा उठाया। महासचिव संजीत नांदल ने मंच संचालन किया। खाप वर्ष 2013 से हर साल 20 अक्टूबर को स्थापना दिवस मनाती है।

104 वर्षीय रामदिया का सम्मान: समाज के 90 वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इनमें 104 वर्षीय रामदिया भी शामिल रहे। सतीश नांदल ने भोजन व्यवस्था के लिए खाप को दो लाख रुपये देने की घोषणा की। इनरीच एग्रो फूड्स ग्रुप ने नांदल भवन में शेड बनवाने के लिए दो लाख रुपये का योगदान दिया। सम्मेलन में हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से समाज के प्रतिनिधि, खाप पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए।



आर्य वीर दल ने वीर पर्व पर युवाओं को दिया शारीरिक और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। आर्य वीर दल की ओर से आर्य समाज रूप नगर में वीर पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आचार्य नंदकिशोर ने युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अच्छी दिनचर्या, पौष्टिक खानपान, नियमित व्यायाम और प्राणायाम से शरीर की शक्ति बढ़ती है। युवाओं को महर्षि दयानंद के जीवन को आदर्श मानकर चलना चाहिए तथा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। इससे पहले ब्रह्मचारी सत्यकाम ने विजयदशमी के विशेष मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। माता दयावती ने देशभक्ति गीत के माध्यम से राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया, जबकि साक्षी ने झांसी की रानी की शौर्य गाथा प्रस्तुत की। दर्शन योग महाविद्यालय से आए स्वामी शांतानंद ने युवाओं से राष्ट्र रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने आर्य वीर दल को बालकों के प्रशिक्षण के लिए तलवारें भेंट कीं। मंच संचालन अंकुर अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

चेन्नई में होने वाली जूनियर एथलेटिक्स की 157 सदस्यीय टीम घोषित

प्रदेश के 22 जिलों से 157 लड़के व लड़कियां दिखाएंगे खेल कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 23 से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली 5 दिवसीय 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एथलेटिक्स हरियाणा ने आधिकारिक टीम की घोषणा कर दी है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 22 जिलों से कुल 157 प्रतिभाशाली लड़के और लड़कियां अपना खेल कौशल दिखाएंगे। सत्यवीर धनखड़ (मीडिया प्रभारी) के अनुसार, 20 वर्ष लड़का वर्ग में देवेंद्र, मनीष, हितेश, हर्षित, राहुल, शुभम, रोहित, खुशांत, जतिन, दिनेश, सागर, वशित्वा, निशांत, नकुल, मान सिंह, वंश, दीपेंदर, सोहित, बिल्लू, अभास, सक्षम, सचिन, अमन, आर्यन, कृष्ण, रोहन, नेहरा व दीक्षित का चयन हुआ है। 18 वर्ष वर्ग में अमन, देवांश, अंकुश, संकेत, दीपांशु, सक्षम, लक्ष्य, पार्तिक, चिराग, नवीन, आदित्य, देव, मयंक, हन्नी, सुकृत, सुमित, निश्चय, देव चौहान व विनय भाग लेंगे। 16 वर्ष वर्ग में अंशुल, शिवम, मानव, नवदीप, यश, रक्षित, दक्ष, सोर्या, युवराज, गौरांश, रजत, मोक्ष, प्रिंस व रवि तथा 14 वर्ष वर्ग में निशांत, वंश कुमार, रक्षित माइंगले व वरुण भांभू चुनौती पेश करेंगे।

लड़की वर्ग में इनका हुआ चयन

लड़की वर्ग के 20 वर्ष आयु वर्ग में नैंसी, आरती, दीपांशी, रितिका, पूजा, पायल, सोनम, पूनम, अंजली, योगिता, रिद्धि, खुशी, हेना, सीमा, ज्योति, रिद्धिमा, भारती, हिमांशी, अंजलि, आरजू, मोनी, मन्नत, चलासी, रिया, नेहा, गायत्री, कशिश, अंशु व भव्या का चयन हुआ है।

चयनित खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि इस दल में अंडर-20, अंडर-18, अंडर-16 और अंडर-14 आयु वर्ग के एथलीट विभिन्न ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। हरियाणा एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, महासचिव प्रदीप मलिक और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया है।

HARTRON
(हरियाणा सरकार का उपक्रम)
COMPUTER TRAINING & SKILL CENTRE
हरट्रोन डिप्लोमा सभी सरकारी विभाग व निजी कम्पनियों में मान्य
AS PER HARYANA GOVT. NOTIFICATION DATED 19/09/19 SETC (PART-1) EXEMPTED AFTER SIX MONTHS/ONE YEAR COURSES
Diploma/Certificate Course in
Software
Financial Accounting
Web Technology
Desktop Publishing
Hardware & Networking
Short Term Courses
Office Automation
Digital Marketing
Software Testing
Fundamental of Cyber Security
Features
Computer Courses as per current IT market
Excellent Curriculum
Regular/Part time classes
Well Trained and Qualified Faculty
CCTV, Biometric Attendance System
Flexible Timing for job Holders
Air-Conditioned Labs & Theory Rooms
Computer Labs for Practice Sessions
185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak


पुराना शुगर मिल ग्राउंड

रावण के दहन से गूंजा शहर, दो घंटे तक आतिशबाजी से जगमगाया आसमान


पुराना शुगर मिल ग्राउंड


सनातन धर्म पंजाबी रामलीला क्लब


पुरानी आईटीआई मैदान

पुरानी आईटीआई मैदान में उमड़ा जनसैलाब, श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी के कार्यक्रम में मोहन लाल बडोली रहे मुख्य अतिथि

खत्म हुआ अहंकारी दशानन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विजयदशमी पर मंगलवार को शहर में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पुरानी आईटीआई मैदान में श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से आयोजित दशहरा महोत्सव में 200 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। गर्दन घुमाते और आंखों से आग के शोले बरसाते दशानन को देखने के लिए हजारों लोग उमड़े। वहीं, 250 से अधिक ड्रोन के माध्यम से आसमान में रामायण के दिव्य दृश्य प्रस्तुत किए गए। भगवान श्रीराम की गाथा के दृश्य आसमान में उभरते ही मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। करीब दो घंटे तक हुई रंगबिरंगी आतिशबाजी ने भी लोगों का मन मोह लिया। दोपहर से ही पुरानी आईटीआई मैदान में लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम होते-होते मैदान दर्शकों से भर गया। रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों के साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह रहा। ड्रोन शो के दौरान लोगों ने मोबाइल फोन में इन यादगार पलों को कैद किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, जिला महामंत्री नितिन जैन , उदयभान मलिक , संतजन, पार्टी नेता कार्यकर्ता रोहतक जिले के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।


पुराना शुगर मिल ग्राउंड


श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी लोकल


पुरानी आईटीआई मैदान

श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी

शहर में श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी लोकल की ओर से भी विजयदशमी पर रावण के पुतलों का दहन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली मुख्य अतिथि रहे। हुए। इस दौरान लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व को उत्साह के साथ मनाया।

डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी

सनातन धर्म पंजाबी रामलीला क्लब, रोहतक की ओर से डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी के पावन प्रांगण में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज के सान्निध्य में महाराज ने विधि-विधान से रावण के पुतले को अग्नि दी।

गांधी कैंप में भी जला रावण का पुतला

शहर के गांधी कैंप क्षेत्र में कुकारों वाली गली में भी रावण दहन किया गया। स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ दशहरा पर्व मनाया। विभिन्न स्थानों पर हुए आयोजनों के माध्यम से लोगों को बुराइयों का त्याग कर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

रिमोट का बटन दबाते ही धू-धू कर जले तीनों पुतले

कमेटी के मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन के अनुसार, महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज के सान्निध्य में आयोजित समारोह में एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी राजेश जैन ने भगवान श्रीराम का विजय तिलक किया। इसके बाद अतिथियों ने प्रतीकात्मक रूप से तीर चलाए और रिमोट का बटन दबाकर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया। इस अवसर पर एल्फा मिल्क फूड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विपिन गुप्ता, जेड ग्लोबल स्कूल के निदेशक डॉ. चंद्र गर्ग, भाजपा शिक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदन लाल गोयल, उद्योगपति पवन तायल और कमेटी प्रधान सुभाष तायल आदि मौजूद रहे। राजेश जैन ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध और बुराइयों को समाप्त करने का संदेश देता है। मेले में बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और तीर-कमान, हनुमान जी की गदा व गुब्बारे खरीदे। सती भाई साईंदास सेवा समिति की ओर से छोले और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

चप्पे चप्पे पर तैनात रही पुलिस

भीड़ को संभालने और शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोहतक पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। 1200 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई। प्रमुख बाजारों से लेकर भीड़भाड़ वाले इलाकों और रावण दहन स्थलों तक पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहे।

रोहतक मंडी में सिर्फ 35 फीसदी धान की सरकारी खरीद हुई

- खरीदे गए धान में सिर्फ 53 फीसदी का उठान हुआ
- 72 घंटे ऑनलाइन भुगतान के दावे पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक की अनाज मंडी में धान की खरीद और उठान किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। 20 अक्टूबर तक मंडी में पहुंचे 31,940 क्विंटल धान में से 11,461 क्विंटल की सरकारी खरीद बाकी है। वहीं, खरीदे गए धान में से 6,102 क्विंटल का उठान नहीं हुआ है। उठान के 72 घंटे के भीतर किसानों के खातों में ऑनलाइन भुगतान का प्रावधान है। ऐसे में उठान लंबित रहने से भुगतान में देरी हो सकती है। ध्यान रहे कि लिफ्टिंग के बाद ही फसल की खरीद मानी जाती है। जिस धान की अभी तक खरीद नहीं हुई है, उसमें नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक बताई जा रही है। जिसके कारण अपनी फसल को नहीं बेच पा रहा है।

बाजरे का उठान 100%

20 अक्टूबर तक रोहतक मंडी में 8,582 क्विंटल बाजरा बिक्री के लिए पहुंचा। इसमें से सरकारी एजेंसी ने 7,075 क्विंटल की खरीद की। मंगलवार को 727 क्विंटल बाजरे की आवक हुई। मंडी में खरीदे गए 7,075 क्विंटल बाजरे का उठान पूरा हो चुका है। मंडी में पहुंचे कुल बाजरे में से 1,507 क्विंटल की खरीद अभी बाकी है।

20,479 क्विंटल धान खरीदा

मंडी में अब तक 31,940 क्विंटल धान की आवक हुई है। सरकारी एजेंसी 20,479 क्विंटल खरीद चुकी है, जबकि 11,461 क्विंटल धान की खरीद बाकी है। मंगलवार को 3,490 क्विंटल धान मंडी पहुंचा।

70 फीसदी धान का उठान

मंडी में अब तक खरीदे गए 20,479 क्विंटल धान में से 6,102 क्विंटल का उठान लंबित है। व्यवस्था के अनुसार उठान के 72 घंटे के भीतर किसानों के खातों में ऑनलाइन भुगतान किया जाता है। ऐसे में धान का उठान होने के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। मंडी में फसलों के उठान की प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है।

बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में फूंके पुतले

बिजली कर्मचारियों ने 22 से हड़ताल कर आंदोलन तेज करने की धमकी दी, किसान संगठनों ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राजीव गांधी विद्युत भवन में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार और बिजली निगम के नियामक प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में बिजली कर्मचारियों के साथ किसान यूनियन के नेताओं, जन संगठनों के प्रतिनिधियों और आम उपभोक्ताओं ने भी भाग लिया। कर्मचारियों ने 22, 23 और 24 अक्टूबर को प्रस्तावित हड़ताल का समर्थन करते हुए सरकार को आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से 19 अक्टूबर 2026 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 20 अक्टूबर को बिजली मंत्री, हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) के अध्यक्ष, हरियाणा के मुख्यमंत्री और केंद्रीय बिजली मंत्रीके पुतले जलाकर विरोध जताने का कार्यक्रम तय किया गया था। इसी निर्णय के तहत कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और बिजली विभाग में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों का विरोध किया।

निजीकरण से महंगी हो सकती बिजली : कर्मचारी

प्रदर्शन के दौरान सर्किल सचिव विकास दहिया, सुनील दहिया, संदीप गोयत, रमेंद्र मलिक, संजीत मुदगिल और परमीत हुड्डा ने कहा कि बिजली विभाग जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश से कर्मचारियों, उपभोक्ताओं, गरीबों, किसानों और मजदूरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि निजीकरण के बाद बिजली की दरों और सेवाओं पर आम लोगों का आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए बिजली का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बिजली व्यवस्था को निजी कंपनियों के हवाले करने के बजाय सार्वजनिक क्षेत्र में मजबूत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में करमबीर सिवाच, धर्मराज कुंडू, नरेंद्र बल्हारा, सुनील शर्मा, संदीप राणा, दिलबाग मलिक, सोनू, जयवीर चहल, जगपाल सांगवान, जगजीत निराला और संदीप जांगड़ा सहित यूनियन के अनेक नेता मौजूद रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि 21 अक्टूबर को सभी सब यूनिटों में एचईआरसी से संबंधित निजीकरण प्रस्ताव की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इसके साथ ही कर्मचारी जनता के बीच जाकर निजीकरण के संभावित प्रभावों के बारे में जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 22, 23 और 24 अक्टूबर को प्रस्तावित हड़ताल के माध्यम से मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

बिजली कर्मचारियों के समर्थन में उतरा रिटायर्ड कर्मचारी संघ

रोहतक। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों की बिजली वितरण व्यवस्था के लिए निजी कंपनी को समानांतर लाइसेंस देने के फैसले के विरोध में कर्मचारी संगठनों का रोष बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को बिजली कार्यालय परिसर में हरियाणा कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से आयोजित विरोध सभा को संबोधित करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने फैसले पर सवाल उठाए और बिजली कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन दिया।

सरकार ने त्योहार के मौके पर निजी कंपनी को फायदा पहुंचाया : जगपाल

जगपाल सांगवान ने आरोप लगाया कि सरकार ने त्योहार के मौके पर निजी कंपनी को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम और नूंह प्रदेश के कमाई वाले बिजली वितरण क्षेत्रों में शामिल हैं। इन क्षेत्रों से होने वाली आय के आधार पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम किसानों और गरीब परिवारों को अपेक्षाकृत सस्ती बिजली उपलब्ध करवाने में सक्षम होता है। उनके अनुसार, निजी कंपनी को समानांतर लाइसेंस देना आम जनता के हितों को प्रभावित कर सकता है। बिजली व्यवस्था का निजीकरण केवल कर्मचारियों का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका असर किसानों और आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है। उन्होंने बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की ओर से इसके विरोध में हड़ताल करने के फैसले का समर्थन करते हुए प्रदेशवासियों से उनके संघर्ष में साथ देने की अपील की।सांगवान ने कहा कि बिजली व्यवस्था से जुड़े फैसलों में जनहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

ये रहे मौजूद विरोध सभा में जिला सचिव ओमप्रकाश कादियान, उपप्रधान मास्टर सुनहरा, कैशियर रणबीर दहिया, प्रेम धिलोड़िया, खेमचंद, शक्ति खरब, बलबीर जांगड़ा, रामकुमार महम और कृष्ण श्योराण सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

महम में अवैध पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



रोहतक। पुलिस की अपराध शाखा महम की टीम ने भिवानी रोड आउटर बाईपास पुल के नीचे से एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। पुलिस के मुताबिक हेड कांस्टेबल संदीप के नेतृत्व में अपराध शाखा महम की टीम सरकारी अस्पताल के नजदीक गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि महम से भिवानी रोड पर आउटर बाईपास पुल के नीचे नेहरू कॉलोनी, भिवानी निवासी एक युवक अवैध हथियार लेकर मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया।पूछताछ के दौरान युवक की पहचान रमाकांत निवासी नेहरू कॉलोनी, भिवानी के रूप में हुई। पुलिस ने नियमानुसार उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना महम में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

सुनारियां चौक के पास युवक चाकू मारकर किया घायल, जांची में जुटी पुलिस

रोहतक। सुनारियां चौक के पास मंगलवार शाम एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। वारदात के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई। घायल युवक को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान केशव निवासी बहुजमालपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुनारियां चौक के पास किसी बात को लेकर हुई घटना के दौरान युवक पर चाकू से वार किया गया। चाकू लगने से केशव घायल हो गया। घटना के बाद उसे उपचार के लिए पीजीआई ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक पर हमला किन परिस्थितियों में हुआ और इसमें कौन शामिल था। हमले के पीछे की वजह का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और पार्षद आज करेंगे बैठक, हंगामे के आसार

अधिकतर वार्डों में दूषित पेयजल की हो रही सप्लाई और ठप्प पड़ी सीवर व्यवस्था, पार्षदों ने आरोप लगाए थे कि अधिकारी सुनते नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के लोगों को साफ पेयजल उपलब्ध कराने और सीवर व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी संभालने वाला जन स्वास्थ्य विभाग अब पार्षदों के सवालों के घेरे में होगा। कहीं घरों में दूषित पानी पहुंचने की शिकायत है तो कहीं सीवर का गंदा पानी गलियों में बह रहा है। इन समस्याओं को लेकर लंबे समय से अधिकारियों के चक्कर काट रहे पार्षदों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने वाला है। बुधवार को मेयर और पार्षदों की जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक होगी। इसमें जिला उपायुक्त सतबीर मान भी मौजूद रहेंगे। बैठक में दूषित पेयजल की आपूर्ति, ठप पड़ी सीवर व्यवस्था और शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने जैसे मुद्दों पर अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा।

नगर निगम के अधिकतर वार्डों में पेयजल और सीवर से जुड़ी समस्याएं पार्षदों के लिए सिरदर्द बनी हुई



हैं। पार्षदों का आरोप है कि उनके वार्डों में लोग दूषित पानी की आपूर्ति और सीवर जाम होने की शिकायतें लेकर पहुंचते हैं। वे इन समस्याओं को जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सामने उठाते हैं, लेकिन समय पर समाधान नहीं होता। कई बार नगर निगम की हाउस बैठक में भी ये मुद्दे उठाए जा चुके हैं। इसके बावजूद समस्याएं बरकरार रहने से पार्षदों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

बैठक में समाधान की बात पर धरातल पर नहीं

पार्षदों का कहना है कि जब वे अधिकारियों से शिकायतों के समाधान के बारे में पूछते हैं तो उन्हें आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। हाउस की बैठक में भी समस्याओं के जल्द समाधान की बात कही जाती है, लेकिन धरातल पर स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई देता। ऐसे में पार्षदों को अपने वार्ड के लोगों के सवालों का जवाब देना मुश्किल हो रहा है।

पहली बार अलग हो रही है बैठक

नगर निगम की हाउस बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं उठाई जाती हैं, लेकिन इस बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक की जा रही है। इसका उद्देश्य पेयजल और सीवर से संबंधित शिकायतों पर विस्तार से चर्चा करना और अधिकारियों से जवाब लेना है। इस बार बैठक में दूसरे विभागों के अधिकारी शामिल नहीं

सोमवार की बैठक में दी थी बैठक की जानकारी

सोमवार को हुई बैठक में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और मेयर ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक की जानकारी दी थी। इसके बाद से ही पार्षदों की नजर इस बैठक पर टिकी हुई है। विभाग के प्रति नाराजगी रखने वाले पार्षदों को उम्मीद है कि जिला उपायुक्त की मौजूदगी में उनकी शिकायतों पर गंभीरता से सुनवाई होगी।

शहर में यहां से सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही

पार्षदों का कहना है कि शहर की जनता कॉलोनी, चिन्योट कॉलोनी, रामगोपाल कॉलोनी, तिकल नगर, कमल कॉलोनी, सेक्टर एक-दो, लाढ़ौत रोड, वसंत विहार कॉलोनी, सलारा मोहल्ला, गोहाना अड्डा, गुरु नानकपुरा आदि ऐसे एरिया हैं, जहां दूषित पेयजल की शिकायतें सबसे ज्यादा आ रही हैं।